लापारवाही | देवरी रतन में नहीं है गणित विषय का शिक्षक, सभी विषयों का नहीं हो पा रहा सुचारु संचालन

# एकीकृत शाला में बाउंड्री वॉल का अभाव



**कुम्हारी नवभारत 5 अगस्त। संकुल कुम्हारी से जुड़ी एकीकृत शाला मझौली में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा और शिक्षण व्यवस्था दोनों प्रभावित हो रही हैं। विद्यालय परिसर में आज तक बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं हो सका है, जिससे विद्यार्थियों पर जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा हमेशा बना रहता है।**

### ग्राम पंचायत को कई बार कराया अवगत

विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा इस संबंध में ग्राम पंचायत को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। विद्यालय जंगल से लगे क्षेत्र में स्थित है। बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों का भी परिसर में जमावड़ा लगा रहता है। शिक्षकों के अनुसार विद्यालय खुलने के समय परिसर में कई बार शराब की खाली बोतलें पड़ी मिलती हैं, जो विद्यार्थियों के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

### माध्यमिक शाला में पढ़ाई हो रही प्रभावित

दूसरी ओर देवरी रतन स्थित माध्यमिक शाला में गणित विषय के शिक्षक का पद रिक्त होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यालय में वर्तमान में केवल दो शिक्षक—एक प्रधान पाठक और एक अतिथि शिक्षक—कार्यरत हैं। शिक्षकों की कमी के कारण सभी विषयों का सुचारु संचालन नहीं हो पा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग

ग्रामीणों एवं विद्यालय प्रबंधन समिति ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए शीघ्र बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए तथा माध्यमिक शाला में गणित शिक्षक की नियुक्ति कर शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए।

# पुरानी रंजिश में हवाई फायर और गोलीबारी

### दादा-नाती घायल, जिला अस्पताल में भर्ती, आरोपी की तलाश जारी



**नवभारत,मडियादो/दमोह। जिले के मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना खेड़ा ( महावीर मुहल्ला ) में मंगलवार की रात पुरानी रंजिश के चलते गोलीबारी की घटना सामने आई। हवाई फायर के साथ चली गोली के छर्रे लगने से एक बच्चा और एक वृद्ध घायल हो गए।**
प्राप्त जानकारी के अनुसार मडियादो निवासी गुड्डा पाठक रात करीब 9 बजे आंगन में बैठे दयालु पिता दलुआ आदिवासी, 55 वर्ष पर पुरानी रंजिश के चलते गोली चला दी। गोली के छर्रे दयालु के हाथ में लगे। इसी दौरान पास में मौजूद उनके नाती लच्छू उर्फ लक्ष्मण पिता मुलू आदिवासी पुराना खेड़ा (महावीर मुहल्ला) निवासी को भी हिप्स में छर्रे लग गए। घटना के बाद घायलों को तत्काल मडियादो अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। 112 डायल वाहन पंचर हो जाने के कारण मंगलवार-बुधवार देर रात करीब 1रू20 बजे दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां ड्यूटीरत डॉक्टर विक्रम पटेल, सर्जिकल स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉ उमेश तंतुवाय और टीम द्वारा दोनों का उपचार कर भर्ती किया गया। सूचना पर 112 डायल एफआरबी-4के आरक्षक रानू और चालक चरण साथ ही राजपुरा एफआरबी-7 के धर्मेंद्र सिंह और आरक्षक पायलट रमाकांत मौके पर पहुंचे और घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मौके पर महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान, एएसआई बलविंदर सिंह, प्रधान आरक्षक केवल प्रधान, सहित पुलिस पहुंची और घायलों से जानकारी ली। वहीं थाना प्रभारी मडियादो प्रीति पांडे घायलों व उनके परिजनों से जानकारी लेकर गुड्डा पाठक पर मामला पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई और आरोपी की तलाश शुरू कर दी।



## गुरु-छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत,दमोह.** दमोह में भारत विकास परिषद की नवगठित अटल शाखा द्वारा दमोह नगर के पीएम श्री केशोराम पांडे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरु लंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय की छात्राओं के द्वारा शिक्षकों का वंदन किया गया,तथा व परिषद के सदस्यों द्वारा विद्यालय मेधावी छात्राओं का अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दमयंती शाखा की अध्यक्ष डॉ.किरण गोस्वामी तथा सचिव श्रीमति प्रेमलता उपाध्याय द्वारा गुरू की महिमा बताई गई व नई शाखा के सदस्यों से परिचय करवाया गया।इसके पश्चात डॉ.काव्या मिश्रा द्वारा सरस्वती जी की गुरू वंदना की गई। परिषद के आज के कार्यक्रम प्रमुख रामाधार वर्मा व श्रीमति नीतू सैनी रहे। विद्यालय की छात्राओं द्वारा गुरूजनों को टीका कर व तुलसी के पौधे के साथ सभी शिक्षकों का वंदन किया गया,परिषद के सदस्यों द्वारा सभी गुरूजनों को व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## नवागत रक्षित निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने संभाला कार्यभार



**नवभारत,दमोह।** दमोह पुलिस लाइन में नवागत रक्षित निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद पुलिस लाइन पहुंचने पर आरआई अभिनव साहू ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर बधाई व शुभकामनाएं दीं इस अवसर पर नवागत आरआई राघवेंद्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदोरिया से सौजन्य भेंट कर मार्गदर्शन लिया।पुलिस अधीक्षक ने नवागत आरआई को जिले में कानून व्यवस्था और पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## श्री गोवर्धन पर्वत धेनुवन में विशाल पौधरोपण आयोजित

### विरासत, पर्यावरण और संस्कृति का संगम



**नवभारत,बांदकपुर/दमोह।** प्रकृति केवल जीवन का आधार नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों से मिली वह अनमोल धरोहर है। जिसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजना हमारा परम धर्म है और इसी पावन भावना को साकार करते हुए सिद्ध क्षेत्र बांदकपुर स्थित श्री गोवर्धन पर्वत धेनुवनम् के पावन प्रांगण में एक भव्य व प्रेरणादायी पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार संचालित उल्लास-एक अभिनव पहल अभियान के अंतर्गत आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में न्यायपालिका, मंदिर प्रबंधन,वेदांग विद्यालय के बटुकों (विद्यार्थियों),प्रकृति प्रेमियों और स्थानीय ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर प्रकृति का श्रृंगार किया। उल्लेखनीय है कि सिद्ध पीठ भगवान श्री जागेश्वर नाथ जी की छत्रछाया में संरक्षित श्री गोवर्धन पर्वत धेनुवन केवल एक पौधारोपण स्थल नहीं, बल्कि विगत कई वर्षों से व्यापक वृक्षारोपण,प्रकृति संरक्षण,गौ-संरक्षण और गौ-संवर्धन का एक प्रमुख और निरंतर क्रियाशील केंद्र रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के अध्यक्ष सुभाष सोलंकी ने पर्यावरण की गंभीरता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं.



## आयुर्वेद आचार्य बालकृष्ण महाराज का जन्म दिवस जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया

**नवभारत,दमोह।** 4 अगस्त,जड़ी बूटी दिवस आयुर्वेद धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण जी महाराज के जन्म दिवस के रूप में प्रातः 9 बजे,गजानन टेकरी पर आयोजित किया गया। जहां पर पतंजलि समिति के राज्य दान संग्रह प्रभारी डॉक्टर केदारनाथ शर्मा,नगर पालिका ब्रांड एंबेसडर हरीश पटेल, गजानन टेकरी मंदिर संरक्षक दिलीप चौरसिया, जिला योग समिति आयोग के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत,जन अभियान परिषद से महेंद्र ताम्रकार, बृजेश सेन,राकेश राठौर,नरेंद्र सिंह राजपूत, पूर्व जिला संयोजक एबीवीपी नमन शांडिल्य आदि स्थानीय समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गजानन टेकरी के चारों तरफ औषधि 101 पौधों को पहाड़ी के चारों तरफ लगाया गया,जिसमें आंवला,नीम,पारिजात, एलोवेरा,पीपल,आदि औषधीय पौधों को लगाया गया व उनके संरक्षण हेतु योजना भी डॉक्टर केदारनाथ शर्मा के द्वारा बनाई गई। उक्त आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय निवासी व पतंजलि योग समिति,पतंजलि चिकि त्सालय,उम्मीद टीम के सदस्यों की मुख्य भूमिका रही.

### एक नजर में



नवभारत,दमोह। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता/गौरव पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मुलाकात की।


### कुंवर अनुराग वर्धन सिंह हजारी बने भाजपा खेल प्रकोष्ठ एमपी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी



**नवभारत,हटा/दमोह।** भाजपा खेल प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश में कुंवर अनुराग वर्धन सिंह हजारी को प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नियुक्त किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्रवासियों ने बधाई दी है और प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त किया है। निवेदक समस्त क्षेत्रवासी,हटा ने कहा कि कुंवर अनुराग वर्धन सिंह हजारी के नेतृत्व में खेल प्रकोष्ठ के कार्यों को और गति मिलेगी और युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा।

### 12 सितंबर को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**नवभारत,दमोह।** आगामी 12 सितंबर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन व अधिकतम प्रकरणों के निराकरण के अपर कलेक्टर द्वारा जिले के सभी विभागाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।उन्होने बताया कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत में मुकदमा पूर्व व न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।



### 15 अगस्त पर 1200 छात्र-छात्राएं करेंगे सामूहिक व्यायाम

**नवभारत,दमोह।** जिला शिक्षा अधिकारी सत्यम चौरसिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के अवसर पर आयोजित होने वाले सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई।

## 9 साल बाद छात्रसंघ चुनाव कराने की मांग तेज



नवभारत,दमोह/जबेरा। मध्यप्रदेश में करीब नौ वर्ष बाद छात्रसंघ चुनाव की घोषणा के बाद एनएसयूआई ने चुनाव प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) प्रणाली से कराए जाने की मांग तेज कर दी है। बुधवार को दमोह में आयोजित प्रेस वार्ता में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रवीण राय ने कहा कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा अकादमिक कैलेंडर 2026-27 के अनुसार सितंबर माह में छात्रसंघ चुनाव कराने के निर्देश का संगठन स्वागत करता है। उन्होंने इसे प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों की जीत बताया।प्रवीण राय ने कहा कि एनएसयूआई केवल चुनाव कराने की मांग नहीं कर रही, बल्कि चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने की मांग कर रही है। इस व्यवस्था में प्रत्येक नियमित विद्यार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्व विद्यालय के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,सचिव और सहसचिव का सीधे मतदान के माध्यम से चुनाव करेगा।उन्होंने आरोप लगाया कि अप्रत्यक्ष प्रणाली में केवल कक्षा प्रतिनिधि ही अध्यक्ष का चुनाव करते हैं,जिससे अधिकांश विद्यार्थी मतदान के अधिकार से वंचित रह जाते हैं।

### मजलिसे चहल्लुम हज़रत इमाम हुसैन शहीदाने कर्बला

**नवभारत,दमोह।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम समन्ना जिला दमोह में अंजुमन हुसैनीयां शिया कमेटी द्वारा हज़रत इमाम हुसैन अ स शहीदाने कर्बला का चेहल्लुम मनाया। जिसमें मजलिस हज़रत ए इमाम हुसैन अ स शहीदाने कर्बला वालों का बयान आली जनबा मौलाना सैयद एजाज हुसैन जैदी साहब ने किया




## एबीव्हीपी कार्यकर्ताओं को स्कूल में रोका,प्राचार्य पर अभद्रता का आरोप

### भ्रष्टाचार और मनमानी के खिलाफ कलेक्टर से कार्रवाई की मांग



**नवभारत,पटेरा/दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीव्हीपी) तहसील पटेरा इकाई ने शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेरा की प्रभारी प्राचार्य पर मनमानी, अभद्र व्यवहार और वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने तीन दिन के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।ज्ञापन के अनुसार,मंगलवार को छात्र सदस्यता अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ता विद्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि प्रभारी प्राचार्य ने कार्यकर्ताओं को विद्यालय में प्रवेश नहीं करने दिया,उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा दोबारा आने पर देख लेने की धमकी दी।परिषद ने ज्ञापन में आरोप लगाया है कि विद्यालय में छात्रों से मनमाने ढंग से शुल्क वसूला जा रहा है और रसीद नहीं दी जाती। अंकसूची व टीसी देने के नाम पर भी पैसों की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया है।इसके अलावा शाला विकास व अन्य मदों की राशि के दुरुपयोग की जांच कराने की मांग भी की गई है।ज्ञापन में विद्यालय के शौचालयों की बदहाल स्थिति,पाठ्य पुस्तकों को कबाड़ के भाव बेचने तथा प्रभारी प्राचार्य के नियमित समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं।

## पं . दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल भाजपा की मासिक बैठक आयोजित



**नवभारत,दमोह।** भारतीय जनता पार्टी,पं.दीनदयाल उपाध्याय नगर मंडल दमोह की मासिक बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक विषयों,आगामी कार्यक्रमों व बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, मंडल प्रभारी व जिला मंत्री रानू नामदेव,जिला कार्यालय सह मंत्री दिलीप चौरसिया तथा मंडल अध्यक्षराजेंद्र चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्यगण, शक्ति केंद्र संयोजक व सह-संयोजक, शक्ति केंद्र पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है,जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। हमें बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक सशक्त बनाकर आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाना है।

## एसपी ने कसाई मंडी, नूरी नगर क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**नवभारत,दमोह। जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ( भापुसे ) ने रविवार को कसाई मंडी और नूरीनगर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया।**
इस दौरान उनके साथ प्रशिक्षु डीएसपी शिव प्रसाद कंगाली, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, सब इंस्पेक्टर ब्रजलाल पटेल सहित पुलिस बल भी मौजूद रहा।निरीक्षण के दौरान एसपी ने क्षेत्र में भीड़भाड़ वाले स्थानों, गलियों और मुख्य मार्गों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था,ट्रैफिक और सीसीटीवी कैमरों की स्थिति देखी।उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोपरि है। त्योहारी सीजन और कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस लगातार संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है।



कार्यवाही | पुलिस जांच में जुटी

# रेल लाइन पर मिला अज्ञात युवक का शव



नवभारत,दमोह। जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदकपुर चौकी के पास आनु फाटक के निकट रेल लाइन पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है।शव रेल लाइन पर दो-तीन हिस्सों में मिला है।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने बताया कि अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के क्षेत्र में पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

### 21 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, शादी तय थी



21 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।घटना की जानकारी मिलते ही सागर नाका चौकी से प्रधान आरक्षक नरेंद्र तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई कर मृतिका की पहचान अंजलि पिता राम रतन पटेल, निवासी इमलिया लांजी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अंजलि कमला नेहरू महाविद्यालय में अध्ययनरत थी और उसकी शादी कुछ दिन पहले तय हुई थी।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भीषण सड़क हादसा,बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर हथनी के पास रविवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरू पिता धनीराम,उम्र 28 वर्ष, निवासी चिलोद बम्होरी,थाना नोहटा बाइक से जा रहा था।इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक के शरीर के दो-तीन हिस्से हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी जबलपुर नाका प्रियंका पटेल और आरक्षक गौरव मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया।



## न्यू दमोह में चाकू लगने और गंभीर हालत में मिले 2 युवक



### जिला अस्पताल में भर्ती

नवभारत,दमोह। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू दमोह में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में 2 युवक घायल हुए हैं। दोनों को उपचार के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।पहले मामले में आदित्य पिता अनिल नामदेव, 20 वर्ष, निवासी क्रिश्चियन कॉलोनी वार्ड-5 दमोह को चाकू लगने से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।दूसरे मामले में हरिओम पिता बद्री कुसमया,22 वर्ष, निवासी न्यू दमोह जो बोल नहीं सकता है,उसे गंभीर हालत में पड़ा मिलने परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों का उपचार जारी है।घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर जबलपुर नाका चौकी प्रभारी प्रियंका पटेल, प्रधान आरक्षक देवेंद्र, रूपेश, सैनिक साहब लाल और प्रधान आरक्षक केवल प्रधान पहुंचे। पुलिस टीम ने घायलों से जानकारी ली और मामले में जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जुआ पकड़कर कार्रवाई की

नवभारत,दमोह। जिले के पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि( भापुसे ) के निर्देशन में थाना प्रभारी कुम्हारी बृजेश पांडे के नेतृत्व में एएसआई अलजार सिंह, धर्मेंद्र दुबे प्रआ सहित पुलिस ने घेराबंदी कर गरीब 9000 रुपए नगदी का जुआ पकड़कर कार्रवाई की है। साथ में एक करीब 10 लाख की चार पहिया वाहन भी जप्त किया।